हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 कारीगरों ने औजारों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा को किया नमन



12 नशा समाज व देश के विकास में रुकावट: गौड़






## खबर संक्षेप

### ऑटो मार्केट में लगाया गया भंडारा

**लोहारू।** लोहारू-भिवानी मुख्य सडक़ मार्ग स्थित ऑटो मार्केट में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के मौके पर भंडार एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हरि शर्मा और पुरुषोत्तम घरडनिया ने बताया कि ऑटो मार्केट में पिछले कई वर्षों सें विश्वकर्मा दिवस के मौके पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**चरखी दादरी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी इवेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला के पांच हजार से अधिक खिलाड़ी, युवा, छात्र एवं नागरिक भाग लेंगे। आयोजन में आमजन की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी।

### त्रिवेणी रोपित कर पुलिस जवानों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** कर्तव्यपालन के दौरान देश और समाज की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते हुए भिवानी के यूथ होस्टल में मंगलवार को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी बाबा ने पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए देश भर के 191 पुलिस जवानों की स्मृति में त्रिवेणी का पौधारोपण किया।

### शहद को भावांतर भरपाई योजना में किया शामिल

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों को मधुमक्खी बॉक्स एवं मधुमक्खी कॉलोनिज पर 85 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। मधुमक्खी पालकों को शहर का मार्केट में उचित भाव न मिलने के कारण नुकसान से बचाने व जोखिम खत्म करने के लिए सरकार द्वारा शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया है। योजना का लाभ लेने के लिए मधुमक्खी पालक को पंजीकरण करवाना होगा।

### दीपावली मिलन सशक्त सामाजिक साधन

**भिवानी।** स्व. पूर्व मंत्री बाबू रामभजन अग्रवाल द्वारा 42 वर्ष पूर्व शुरू किया गया दीपावली मिलन समारोह आज अपने 43 वर्ष पुरे कर चुका है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री के पौत्र नरेश मीनू अग्रवाल ने बताया कि बाबू एक सच्चे धार्मिक, राजनीति व सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर का राजकीय सम्मान के साथ दी मिट्टी

**भिवानी।** जिला के गांव देवसर में एक मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई और उसे मिट्टी दी गई। इस कार्य में गौरक्षा दल भिवानी और वन्य प्राणी विभाग के सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन किया। गौरक्षा दल के प्रधान संजय ने बताया कि गांव देवसर के खेतों में एक मोर मृत अवस्था में पड़ा है।

## सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई

# कारीगरों ने औजारों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा को किया नमन

**इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा ने दुनिया को दिखाई नई दिशा : हरीश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत देश त्योहारों का देश है, जहां पर विभिन्न त्यौहार आपसी प्रेम एवं सद्भाव के साथ मनाए जाते है। इसी कड़ी में दीपावली पर्व के अगले दिन मनाने वाले भगवान विश्वकर्मा दिवस के रुप में मनाया जाता हैं। महम रोड स्थित बड़चौक पर सतगुरु हिरो होंडा वर्कशॉप पर शुक्रवार को कारीगरों ने मिस्त्री राजू इंसां व हरीश मिस्ट्री मिस्त्री के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई। कारीगरों ने एकत्रित होकर भगवान विश्वकर्मा व औजारों की पूजा अर्चना की और परिवार में सुख समृद्धि व कार्य में उन्नति की प्रार्थना की। इसके बाद कारीगरों ने मार्केट में मिठाई व फल वितरित किए। इनके अलावा विभिन्न फैट्रियों, लोहे की दुकानों, वर्कशॉप आदि के अलावा घरों में भी मशीनों की पूजा अर्चना की गई। उल्लेखनीय हैं कि शुक्रवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती पर महम रोड सतगुरू हीरो होंडा वर्कशॉप पर के कारीगरों ने एकत्रित होकर भगवान विश्वकर्मा व औजारों की पूजा अर्चना की। कारीगरों ने मशीन और लोहे के उपकरणों की साफ सफाई की।



**भिवानी।** विश्वकर्मा दिवस पर पूजा अर्चना करते कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### प्रथम शिल्पकार थे

मिस्त्री हरीश व राजू इंसां ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार थे, जिन्होंने अपनी शिल्पकला से पूरे ब्रह्मांड को निर्माण किया। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर भी कहा जा सकता हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के पहले शिल्पकार व ब्रह्मांड का दिव्य वास्तुकार माना जाता है। इस मौके पर हरीश मिस्त्री, मिस्त्री राजकुमार इंसां, शिवमूर्ति, चंद्रभान सुई रॉकी, अंकित गुजरानी, समर, गौरव, सौरव, अंकित आदि मौजूद रहे।

### भगवान विश्वकर्मा पूजा और अन्नकूट के प्रसाद का भंडारा आज : राजेश

**भिवानी।** भगवान विश्वकर्मा पूजा और अन्नकूट के प्रसाद का भंडारा 22 अक्तूबर को आस्था व उल्लस के साथ आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन पुरानी देवसर चुंगी के नजदीक स्थित विश्वकर्मा चौक में समस्त भिवानी जिला विश्वकर्मा समाज द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान राजेश जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य केंद्र भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा रहेगी, जिसमें समाज के लोग अपने आराध्य देव से सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना करेंगे। पूजा के उपरांत एक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सबसे खास बात अन्नकूट के प्रसाद का विशाल भंडारा है। प्रभु की कृपा से यह भंडारा तब तक जारी रहेगा जब तक सभी भक्त प्रसाद ग्रहण नहीं कर लेते। उन्होंने कहा कि नागरिकों, विशेषकर विश्वकर्मा समाज के बंधुओं और कारीगरों से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार शामिल होने और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने की भावुक अपील की है। यह आयोजन ना केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह समाज को एक सूत्र में बांधने और आपसी भाईचारा बढ़ाने का भी अवसर है।

## श्री विश्वकर्मा मंदिर में जागरण

# विश्वकर्मा की कृपा से आती है कार्य में श्रेष्ठता : हनुमान



**बहल।** विश्वकर्मा मंदिर कार्यक्रम में समाजसेवी हनुमान शर्मा पाजू को सम्मानित करते हुए महंत विकास गिरि, जयसिंह सेरला व किशोरी जांगडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

भिवानी रोड पर ऑटो मार्केट के समीप बन रहे श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में भगवान विश्वकर्मा का जागरण आयोजित किया गया। बाहर से आए कलाकारों ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया व लोगों को उनके दिखाए मार्ग पर अनुशकरण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानस पुत्र भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम वास्तुकार माने जाते हैं।

**कलाकारों ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया**

### नवाचार के लिए कर्म ही पूजा की मिलती सीख

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि महंत विकास गिरी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के जीवन चरित्र से हमें परिश्रम, रचना व नवाचार के लिए कर्म ही पूजा की सीख मिलती है। वे हमें प्रेरणा देते हैं कि निर्माण केवल भौतिक नहीं, वरन मानसिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हो सकता है। समाजसेवी हनुमान शर्मा ने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में यह माना गया है कि भगवान की कृपा से हमें कार्यों में श्रेष्ठता, कलात्मकता व तकनीकी दक्षता की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में कलाकारों ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा व उनकी कामगारों पर उनकी कृपा दृष्टि पर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।

### मंदिर निर्माण के लिए 51,000 रुपये देने की घोषणा

कार्यक्रम में समाजसेवी मुरारीलाल जांगड़ा को मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान के लिए सम्मानित किया गया। समाजसेवी व भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू ने मंदिर निर्माण के लिए 51,000 रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर ओमप्रकाश सेरला, बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, संजय बहल, कर्णसिंह पाजू, सुशील केडिया, जयसिंह सेरला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनसंघर्ष समिति का पं नेकीराम की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम

# शहीदों की बदौलत ले रहे हैं खुले में सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनसंघर्ष समिति भिवानी ने दीपावली के पावन अवसर पर हमारे देश की आजादी के शहीदों, शहीद जवानों व शहीद किसानों की याद में महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की आदम कद प्रतिमा के पास दीपक जलाए तथा उनकी शहादत को याद किया। जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालवास व बैंक इंपलाईज एसोसियेशन के भिवानी के प्रधान सत्यशील कौशिक ने कहा कि हमारे देश की आजादी आंदोलन के शहीदों ने जो कुर्बानिया देकर हमें आजाद कराया, उसी वजह से आज हम स्वतंत्रता का फायदा उठा रहे है और उसके बाद हमारे किसानों व जवानों ने हमें अनाज के मामले में हमें आत्मनिर्भर बनाया तथा हमारे देश की आजादी और संप्रभुता को कायम रखा। उनकी याद में इस पावन दीपावली के अवसर पर उनकी याद में यह दीपक जलाएं है और हम सभी मिलकर पूरे देशवासियो , प्रदेश वासियों व जिला वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा, शांति कायम रखने की शपथ लेते है।




**भिवानी।** स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को होगी रन फॉर यूनिटी: डीसी

**भिवानी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को भीम स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करने का संदेश दिया जाएगा। रन फॉर यूनिटी में विभिन्न कॉलेज, स्कूलों और खिलाडिय़ों व युवाओं के अलावा सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन भाग लेंगे। ये जानकारी डीसी ने लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में दी। खेल विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# डीसी ने वनवासी कल्याण आश्रम और बाल सेवा आश्रम में बच्चों का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता मंगलवार को रोहतक गेट स्थित वनवासी कल्याण आश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां पर रह रहे विभिन्न राज्यों से जनजाति समाज के बच्चों से बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने यहां पर वनवासी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। डीसी श्री गुप्ता ने बाल सेवा आश्रम का भी दौरा किया। बच्चों से परिचय करते बातचीत करने के दौरान डीसी ने बच्चों से उनके द्वारा जीवन में निर्धारित लक्ष्य के बारे में ही पूछा ।

**बच्चों को कड़ी मेहनत करने के लिए किया प्रेरित**



**भिवानी।** बच्चों का हालचाल जानते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

### बाल सेवा आश्रम का किया निरीक्षण

*डीसी साहिल गुप्ता तोशाम रोड़ पर बाल सेवा आश्रम भी पहुंचे। उन्होंने यहां भी बच्चों से बात की। संस्था से सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी वेदप्रिय आर्य ने डीसी को संस्था में रह रहे बच्चों की शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीसी ने संस्था के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।*



**लोहारू।** दिवाली पर्व पर फूल झड़ी जलाकर खुशी मनाते हुए।

### जिले में दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया

,**भिवानी/ लोहारू।** जिले में दिवाली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने पटाखे व फूल झड़ियां जलाकर खुशी मनाई। लोगों ने आपस में मिठाई बांटकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। विधायक घनश्याम सर्राफ व बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने लोगों के बीच जाकर दिवाली पर्व की बधाई दी। साथ ही विधायक ने लोगों का मुंह मीठा करवाया। दूसरी तरफ लोहारू हलके में दीपावली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया तथा कांग्रेसी विधायक राजबीर फरटिया ने लोहारू अनाज मंडी स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ दीपावली पर्व मनाया। विधायक राजबीर फरटिया ने लोहारू हलके के लोगों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि दीपावली पर्व सभी के जीवन में आपार हर्ष व समृद्धि लेकर आए। राजबीर फरटिया ने इस दौरान कहा कि महंगाई की मार का असर त्योहारों पर भी दिखाई देता है। आम आदमी त्योहारों पर अपनी जरूरतों अनुसार आवश्यक खरीदारी भी नही कर पा रहा है, वहीं दूसरी और वहीं बढ़ती हुई बेरोजगारी प्रदेश के लिए विकट समस्या बनती जा रही है। पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजबीर फरटिया ने दीपावली के मौके हलके के लोगों की सुख और समृद्धि की कामना की। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि यह दीपावली का त्योहार सभी के जीवन में तरक्की और खुशहाली लेकर आए। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा ने सफाई कर्मियों और चौकीदार किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के भिवानी डिपो प्रधान अनिल फौजी, राजकुमार तालु व डिपो सचिव अनिल नागर ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी दीपावली के मौके पर भिवानी डिपो में बस स्टैंड पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा डिपो में कार्यरत सफाई कर्मचारीयों व चौकीदारों को सम्मानित किया गया उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों का रोडवेज विभाग की तरक्की में अहम योगदान है । इनकी रात-दिन की मेहनत से स्वच्छ भारत योजना सफल हो रही है तथा वहीं यात्रियों को साफ सुथरी सुविधाएं मिल रही है।



**भिवानी।** सफाई कर्मचारी व चौकीदारों को सम्मानित करते हुए।

### कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

*हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, राज्य उप महासचिव पवन शर्मा तथा रोडवेज कर्मचारी यूनियन 1004 संबंधित कर्मचारी महासंघ के राज्य चेयरमैन मुकेश बलंबा ने बोलते हुए कहा कि यूनियन हमारे इन साथियों को हमेशा बराबर का दर्जा देते हुए उनके हितों का हमेशा ख्याल रखती हैं। यूनियनों द्वारा समय-समय पर इन कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग उठाई जाती है हम पुनः सरकार से मांग करते हैं की इन सभी सफाई कर्मचारीयों, चौकीदारों आदि को शीघ्र पक्का किया जाए तथा पक्का होने तक उनके वेतन में बढ़ोतरी की जाए व अन्य कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिए जाएं । इस मौके पर, राजेश शर्मा, प्रदीप दुग्गल, रणबीर पुनिया, रामकिशन, मोली शर्मा, सुरेश सुई, रमेश बड़सी,पवन पाजू, अरविन्द सांगवान, नितेश, प्रवीण आदि मौजूद रहे।*

# दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर मे दीपों से जगमगाया मां काली का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दीपों के महापर्व दीपावली के शुभ अवसर पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा कोंट रोड मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में भव्य दीप उत्सव एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर को मिट्टी के दीयों, रंगोलियों और फूलों से सजाया गया जिससे पूरा वातावरण भक्तिभाव और प्रकाश से आलोकित हो उठा। मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने बताया कि इस बार विशेष रूप से मिट्टी के दीयों का उपयोग किया गया ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाना हमारी परंपरा, संस्कृति और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी तीनों का प्रतीक है। इन दीयों की रोशनी ने मां काली के दरबार को दिव्यता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

**दीपावली के साथ की गई गोवर्धन पूजा**

### मंदिर परिसर में किया गोवर्धन पूजा का आयोजन

दीपावली के अगले दिन मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गाय की पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की लीलाओं का स्मरण किया। इस अवसर पर भक्तों ने अन्नकूट प्रसाद भी वितरित किया और गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों के लिए संस्कार सत्र आयोजित किया जिसमें उन्हें दीपावली और गोवर्धन पूजा दोनों का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व बताया। उर्मिला सैनी ने कहा कि बच्चों को श्रीराम और श्रीकृष्ण जैसे आदर्शों से जोड़ना ही हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी साधना है।

### दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार होगा लघु उद्योग परियोजना का प्रस्ताव : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवनी

दीपावली के अवसर रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवी बाई आश्रम के दिव्यांगजनों के जीवन में सहयोग और सम्मान की नई रौशनी आई है। आशु कामरा के नेतृत्व में आश्रम के दिव्यांगजनों ने क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों से भेंट की, जिसके दौरान नेताओं ने ना केवल उन्हें आशीर्वाद दिया, बल्कि उनके आत्मनिर्भरता और कल्याण के लिए ठोस सहयोग का आश्वासन भी दिया। यह मुलाकात पंडित तेजभूषण शास्त्री और कपिल शास्त्री के सान्निध्य में हुई। दिव्यांगजनों से भेंट करने वालों में भिवानी-महेंद्रगढ़ के लोकप्रिय सांसद धर्मवीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप और वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सरदाना शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों ने आश्रम के दिव्यांगजनों के जज़्बे, आत्मविश्वास और सेवा-समर्पण की भावना की दिल खोलकर सराहना की। सांसद धर्मवीर सिंह ने दिव्यांगजनों को समाज की प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनकी सहायता और सम्मान हम सब की जिम्मेदारी है।

## रबी व खरीफ सीजन की फसलों के बीमा मुआवजे की जांच

# बाढ़डा में किसानों ने मनाई काली दिवाली, धरना जारी

**आज किसान को डीएपी व यूरिया के लिए दर-दर पड़ रहा है भटकना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

रबी व खरीफ सीजन की फसलों के बीमा मुआवजे की जांच व भरपाई के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बाढडा बिजली कार्यालय परिसर में चल रहे धरना जारी रहा। धरनास्थल पर सभी किसानों ने सरकार द्वारा आंदोलनकारी किसानों की मांगों की सुध न लेने पर काली दीवाली मनाई तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बिजली कार्यालय परिसर में धर्मपाल पीटीआई व ब्रहमपाल बाढड़ा की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए श्योराण खाप अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला ने कहा कि मौजूदा सरकार किसान व कृषि व्यवस्था को कमजोर कारपोरेट घरानों को बढ़ावा दे रही है जो हमारी पीढी के लिए न्यायसंगत नहीं है। आज किसान को डीएपी व यूरिया के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है वहीं करोड़ों रुपयों की राशी जमा करवाने के बावजूद उनके ट्यूबवैलों को कनैक्षन नहीं मिल रहा है। बकाया मुआवजे को लेकर क्षेत्र के किसान पिछले कई दिनों से धरनारत हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार उनकी मांग सुनने की बजाए अनदेखी कर रही है। लगातार प्राकृतिक आपदा के बाद अब किसानों की कमर टूट चुकी है और वह कर्ज के दल दल में फंस रहा है जिसके लिए सरकार को तत्काल प्रभाव से कदम उठाने की जरुरत है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा के नाम केवल दिखावा कर रही हैं जो न्यायसंगत नहीं है और 19 अक्टूबर को बड़ा रोष प्रदर्शन व काली दीपावली मनाकर सरकार को करारा जवाब दिया है।



**बाढड़ा।** बिजली कार्यालय परिसर में धरनारत किसान नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये किसान मौजूद रहे

किसान सभा जिलाध्यक्ष रणधीर कुगड़ व किसान नेता राजकुमार हड़ौदी, किसान सभा खंड अध्यक्ष नसीब मोद, प्रताप सिंह हंसावास, प्रताप सिंह, पारस काकडौली, युदवीर सिंह, ओमप्रकाश नंबरदार चरखी, महावीर सिंह, प्राचार्य हवा सिंह, नरेश कुमार कादयान, जयवीर नाधां, सतबीर पीटीआई, धर्मपाल बाढड़ा, ओमप्रकाश कारी दास, सीटू नेता सुमेर सिंह धारणी, श्रमिक नेता रोशन लाल धारणी, कामरेड रामपाल धारणी, मास्टर रघवीर सिंह, ब्रह्मपाल बाढडा, भूप सिंह धारणी, होशियार सिंह, सत्य प्रकाश जेवली, रणधीर सिंह, हवा सिंह, प्रताप सिंह, जोरा सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गांवों में किसानों को पराली प्रबंधक की जानकारी दी

**भिवानी।** पराली न जलाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लाभों के बारे में जागरूक कर रही हैं। मंगलवार को कृषि विभाग की टीमों ने विभिन्न गांवों का दौरा किया और किसानों को पराली प्रबंधन के लिए जागरूक किया। ये जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि प्रदेश सरकार पराली प्रबंधन के लिए किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है।

### मौसमी बीमारियों से सावधानी जरूरी : डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा है कि वर्तमान समय में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी रखनी जरूरी है। लापरवाही के चलते डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारी भी खतरनाक साबित हो सकती है। जिला में स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद के माध्यम से फोगिंग और संबंधित क्षेत्र में लारवा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने जिला ने कहा है कि सभी लोगों को मिलकर मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने चाहिए।

### अखाडा परिसर में हवन व यज्ञ का आयोजन

**भिवानी।** दीपावली पर राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी के निकट देवी ढाणा रोड स्थित बहादुर सिंह अखाडा परिसर में हवन व यज्ञ का आयोजन करते हुए समस्त विश्व व मानवता के लिए मंगल कामना की गई। अध्यक्षता अखाडा संचालक कोच यासिन खान तथा पवन पहलवान फतेहगढ, कुलदीप ठेकेदार घसौला की अगुवाई में अखाडा परिसर में कुश्ती के दावपेंच सीखने वाले खिलाडियों द्वारा आहुति अर्पित की गई। इस दौरान अखाडा संचालक के सेवानिवृत सीनियर कुश्ती कोच गुरु कोच रमेश फोगट के मार्ग दर्शन में हवन का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी पहलवानों का आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति बेहद ही खास है। यही आपसी एकता हमारे देश को खास बनाती है। हमारा यही प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को खेलों के साथ जोडा जाए व क्षेत्र के नाम को लगातार रोशन करने के लिए कार्य किया जाए।

### 25 को आमसभा में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेंगे

**भिवानी।** सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह धारणी ने कहीं उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार चार लेबर कोड थोपने के माध्यम से मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलना की रणनीति बना रही है। वहीं चंद कॉर्पोरेट घरानों के लिए देश का खजाना सब्सिसडी के माध्यम से लूटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तासीन भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर मजदूरों के कल्याण के लिए बने बोर्ड के पैसे का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए कर रही है। वहीं इन कल्याण बोर्ड से लाभान्वित होने वाले श्रमिक अपने लाभों के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और साइट बंद करने के नाम पर मजदूरों को इन लाभों से वंचित किया जा रहा है। मनरेगा के तहत न मजदूर को काम मिलता और न भुगतान हो रहा।

## खारे पानी से होने लगी चर्म रोग की समस्या

# बलियाली, जाटू लोहारी सहित दर्जनभर गांवों की पेयजल व्यवस्था हुई बेपटरी

**गांव की गलियों और मकानों के आसपास आज भी बारिश का पानी जमा, आवागमन प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/बवानीखेड़ा

भारी बारिश को हुए एक माह 20 दिन का अरसा बीत गया,लेकिन अभी भी जिले में करीब एक दर्जन से ज्यादा गांवों में पेयजल व्यवस्था बेपटरी है। कई गांवों में तो पीने के पानी सप्लाई खानापूर्ति के लिए हो रही है,लेकिन कई गांव तो ऐसे है। जिनमें अभी भी जलघरों में जमा बारिश के पानी में दवाई आदि डालकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

दूषित पेजयल की वजह से इन गांवों में चरम व पेट से संबधित रोग फैलने की आशंका बन गई है। कई गांवों की गली व मकानों के आसपास आज भी बारिश का पानी जमा है। साथ ही भूमिगत पानी उपर आने की वजह से लोगों के लिए पानी गंभीर समस्या बना हुआ है। फिलहाल सबसे ज्यादा बुरी स्थिति गांव लोहारी जाटू व बलियाली में बनी है। वहां पर पीने के पानी के लाले पड़े है। लोगों को रोजाना खरीद कर टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। दूसरी तरफ गली व सड़कों पर दूषित पानी होने की वजह से लोगों को उसी पानी से निकलकर गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को खाज खुजली व चरम रोग अपनी चपेट में ले रहे है। बवानीखेड़ा के अंतर्गत आने वाले आदर्श गांव बलियाली के सैया बगड़ी में नहर के पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। नहर के पानी के स्थान पर कुए के खारे पानी की सप्लाई से लोगों में रोष फैल गया। ग्रामीणों में बलबीर, बाला, मोनू, नरेन्द्र, जयराम, बलवान, साधू, रत्ना, औमप्रकाश, जगदीश आदि ने बताया कि उनके एरिया में कई-कई दिनों में पानी आता है और जब पानी आता है तो वह खारा पानी होता है और पीने लायक नहीं होता। रसोई में पानी का प्रयोग करने पश्चात दूध फट जाता है तो सब्जियां भी खराब हो जाती है। इस पानी के नहाने और सेवन करने से चर्म रोग शुरू हो गए हैं।

इसके कारण उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं लोगों को खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। लोगों की मानें तो वे इतने अमीर नहीं है कि रोजाना खरीदकर अपनी प्यास बुझाकर पानी की जरूरत का प्रयोग कर सकें लेकिन मजबूरीवश उन्हें ऐसा करना पड़ रहा है। लोगों की मानें तो इसके बारे में विभाग को भी अवगत कराया गया है लेकिन कोई असर दिखाई नहीं दिया। वहीं स्थानीय जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका। वहीं लोगों ने बताया कि वे समस्या को लेकर जिला स्तर पर अधिकारियों के समझा रखेंगे ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।





बवानीखेड़ा। गांव लोहारी जाटू में बाबा जगन्नाथ मंदिर के पास वाली सड़क पर जमा पानी तथा गांव बलियाली के जलघर में जमा बारिश के पानी पर जमी काई।

## पेयजल पाइप लाइन लीकेज, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के रेलवे स्टेशन के सामने अनाज मंडी के गेट के साथ लगते रोड पर पीने के पानी की पाइपलाइन लीकेज होने से राहगीरों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी और उपभोक्ताओं के नलों में गंदा पानी पहुंच रहा है जिससे उनके जीवन पर काफी गहरा असर पड़ रहा है। वहीं अनाजमंडी आढ़तियों व



आमजन ने रोष जताया। अनाज मंडी आढ़तियों, शहरवासियों, उपभोक्ताओं में अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर, जगत जाखड़, अंकित सनसनीवाल, सुखबीर थोरी, प्रदीप, मोनू जांगड़ा, संदीप गोयत, विकास यादव, पुष्पेन्द्र लुहाच, जीतू आदि ने बताया कि पिछले 20 दिनों से रेलवे स्टेशन के सामने और अनाज मंडी के मुख्य द्वार पर पीने के पानी की पाइपलाइन लीकेज है जिसकारण मार्ग पर पानी जमा है और यह गंदा पानी उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंच रहा है तो राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को इसकी सुध लेकर इसका समाधान करना चाहिए लेकिन प्रशासन इस और कोई सुध नहीं ले रहा है। वहीं इस बारे में बवानी खेड़ा के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से फोन पर संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। लोगों ने रोष जाहिर करते हुए प्रशासन से इस समस्या के समाधान की अपील की।

## किसानों ने पराली नहीं जलाई फिर भी दिल्ली में एक्यूआई 500 पार

**भिवानी।** 21 अक्टूबर को दिल्ली का वायु प्रदूषण यानी एक्यूआई स्तर 500 का आंकड़ा पार कर गया है, जो गंभीर विषय होने के साथ-साथ विवाद का विषय भी है। सरकार एवं सरकारी मीडिया इस वक्त बढ़े हुए प्रदूषण का ठिकरा किसानों के सिर पर फोड़ने की स्थिति में भी नहीं है। दिल्ली के बढ़े हुए प्रदूषण स्तर बाबत अपने विचार रखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि जब से भाजपा सरकार आई है, किसानों का व सरकार का 36 का आंकड़ा रहा है। सरकार किसानों को खाद, बीज, दवाई एवं अन्य कृषि सुविधा उपलब्ध करवाने में असफल रहने के साथ किसानों को एमएसपी देने में भी आनाकानी करती रही है। सरकार की किसान विरोधी सोच ने कृषि को पूर्णतः घाटे का सौदा बना दिया है एवं किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार औद्योगिक प्रदूषण को रोकने में पूर्णतः अक्षम रही है। वहीं सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए शहरों में बढ़ते प्रदूषण का ठीकरा किसानों के सिर पर फोड़ती रही है। हर साल सर्दी शुरू होते ही पूरी सरकार राग अलापना शुरू कर देती है की किसान पराली जला रहे हैं, जिसके चलते शहरों में प्रदूषण बढ़ रहा है और दिल्ली का एक्यूआई 500 पार क्यों गया, क्या सरकार बताएगी, इसके लिए कौन जिम्मेवार है।

- सरकार किसानों को खाद, बीज, दवाई एवं अन्य कृषि सुविधा उपलब्ध करवाने में असफल : दलीप

## सड़क हादसे में आरएएफ के जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

- ग्रामीणों ने काली दीवाली मनाई, प्रशांत राज की राजकीय सम्मान से पिचौपा कलां में अंत्येष्टि

केंद्रीय रिजर्व बटालियन आरएएफ के शहीद जवान सिपाही प्रशांत राज का सोमवार को उनके पैतृक गांव पिचौपा कलां में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। शहीद जवान की सडक़ दुर्घटना में दुखद मौत हो गई थी। विधायक सुनील सांगवान, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, तहसीलदार व थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रशांत राज की शहादत पर ग्रामीणों ने दीपावली पर्व भी नहीं मनाया। सीआरपीएफ जवान प्रशांत राज 19 अक्टूबर को दिवाली को घर आ रहा था लेकिन जहाजगढ़ के पास उनकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त होने से रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोमवार को दिपावली के दिन पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया और गांव में काली दिवाली देखने को मिली। मात्र 27 वर्षीय युवा सैन्यकर्मी के निधन पर गांव पिचौपा कलां के लोग इस दुखद घटना से गहरे शोक में हैं। शहीद जवान के परिजनों और गांववासियों ने उनकी शहादत पर गर्व जताया और कहा कि उनका बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है। प्रशांत राज के माता पिता ने हुए कहा कि उनका बेटा देश के लिए शहीद हुआ है, हम सब उसकी शहादत पर गर्व महसूस करते हैं। आज भारत माता जिंदाबाद, शहीद प्रशांत राज जिंदाबाद के गगन भेदी नारों के बीच उनका पार्थिव शरीर गांव में लाया गया। उनके अंतिम संस्कार में चरखी दादरी से विधायक सुनील सांगवान और बीजेपी जिला अध्यक्ष सुनील इंजिनियर हड़ोदी भी शामिल हुए और सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले हमारे वीर सैनिकों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी वीरता को हमेशा याद रखा जाएगा। शहीद प्रशांत राज के पीछे उनकी पत्नी और एक वर्षीय पुत्र है, उनकी पत्नी ने कहा कि बड़ा होकर उनका बेटा भी फौज में शामिल होकर देश सेवा करेगा। अंतिम यात्रा में तिरंगा झंडा लगाकर सैंकड़ों युवा बाइकों और गाड़ियों में सवार होकर शामिल हुए और प्रशांत राज अमर रहे और भारत माता की जय के गगनचुंबी नारे लगाते हुए शमशान घाट तक पहुंचे।



बाढड़ा। शहीद प्रशांत राज के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पितकरते विधायक सुनील सांगवान।

## सशस्त्र सीमा बल के जवान अनिल को हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई

- उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में ड्यूटी के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

गांव खरकड़ी माखवान निवासी 33 वर्षीय अनिल कुमार सशस्त्र सीमा बल के जवान की उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में ड्यूटी के दौरान विगत दिवस मौत हो गई थी। अनिल कुमार के पार्थिव शरीर का गत सोमवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई राकेश पंघाल ने चिता को मुखागनी दी। केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के प्रतिनिधि एडवोकेट हरीसिंह सांगवान, सांसद धर्मबीर सिंह के सुपुत्र मोहित चौधरी व प्रशासन की तरफ से पार्थिव शरीर को नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर नमन किया गया, पुलिस की टुकड़ी ने गन झुकाकर अनिल कुमार को भावभिनी स्लामी दी। अंतिम यात्रा में उनके बड़े भाई सुनील पंघाल, भ मोहित चौधरी, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, कमल सिंह प्रधान, चैयरमैन सुखबीर, संजीत ख्यालिया, कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, कुलदीप मनसरवास, मास्टर अश्वनी कुमार, सुनील सुरा सरल, पूर्व सरपंच सुखबीर पंघाल आदि मौजूद रहे।



तोशाम। दिवंगत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते सांसद के पुत्र मोहित चौधरी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## क्षतिग्रस्त घरों की सर्वे फोटो जिओ टैगिंग से हो : डीसी

- डीसी ने डीएपी व यूरिया के सही वितरण को सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसून के दौरान भारी बारिश और जल भराव से क्षतिग्रस्त हुए मकानों की फोटो सर्वे रिपोर्ट के साथ में लगाएं। एक भी मकान का सर्वे फर्जी न हो, ऐसा करने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में क्षतिपूर्ति पोर्टल और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने कहा के पटवारी द्वारा किए गए मकानों के सर्वे की स्वयं पड़ताल करें। जलभराव या बारिश से प्रभावित हुए मकानों व पशुओं के नुकसान से संबंधित कोई भी व्यक्ति सरकारी सहायता से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता और आईएफएससी कोड सही होना चाहिए ताकि सरकार द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि उसके खाते में पहुंच सके। डीसी ने सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार को सख्त निर्देश दिए कि यूरिया व डीएपी का वितरण सही होना चाहिए।

### जरूरतमंद मरीज के लिए किया रक्तदान

**चरखी दादरी।** मानवता एक धर्म फाउंडेशन के सदस्यों ने समाजसेवी दिनेश सांगवान डोहकी की अगुवाई में रक्तदान सहित अन्य सामाजिक कार्यों में सहभागिता की। टीम के सभी साथियों का यही प्रयास रहता है कि अगर किसी भी मरीज को रक्त की आवश्यकता हो तो उसे तुरंत उपलब्ध करवाया जाए। इसी कडी में आज कृष्णा ब्लड बैंक पहुंच कर समाज सेवी दिनेश डोहकी की पत्नी पूनम ने रक्तदान किया। दिनेश ने बताया कि उनके पास मैहडा के ग्रामीणों की मिली कि निजी अस्पताल मे बिमला नाम से मरीज भर्ती है, उसे आपातस्थिति में ब्लड की आवश्यकता है,जिसके बाद पूनम स्वयं ब्लड बैंक पहुंची व मरीज व उसके परिजनों की मदद कर रक्तदान करवाया।

## नशा समाज व देश के विकास में रुकावट: गौड़

- नशा पूरे विश्व की समस्या तथा पंजाब में हरियाणा के युवा इससे ग्रस्त : सीमा कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के निर्देश अनुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दिनोद में नशा विरोधी स्लोगन राईटिंग, पेंटिंग व जनजागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या सीमा कुमारी ने की तथा कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ रहे। छात्रा कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव को दर्शाया। प्राचार्या सीमा कुमारी ने कहा नशे से आज युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर है और नशे के कारण देश में बाधा बनती जा रही है। लक्ष्मण गौड़ ने कहा नशा आज पूरे विश्व की समस्या बन चुकी है और विशेष रूप से हमारे देश में पंजाब में हरियाणा के युवा इस समस्या से बुरी तरह ग्रस्त है जहां हरियाणा में दूध दही की नदियां बहती थी आज हरियाणा में नशे के सेवन से युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर है। इस समस्या से न केवल युवा बल्कि महिलाएं व बच्चे भी इस समस्या से ग्रस्त हो चुके हैं, अगर हमें युवा पीढ़ी को बचाना है तो विद्यालय कॉलेज व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का एक साथ मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा। गांव में पंचायत के माध्यम से और शहरों में जिला संस्थाएं हैं, उनके माध्यम से हम युवा पीढ़ी को बचा सकते हैं। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, उनका हमें पूरा सहयोग करना पड़ेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता प्रसेन सिंह चौहान, त्रिलोक गाबा, सुरेंद्र सिंह, नीरू अरोड़ा, रुचिका, रेना असरानी, मुकेश कुमारी, अनिल सैनी, लक्ष्मी रानी, संजय सैनी व लक्ष्मण गौड़ का विशेष योगदान रहा।



भिवानी। गांव दिनोद के राजकीय कन्या स्कूल से नशा विरोधी जागरूकता रैली को रवाना करती प्राचार्या सीमा कुमारी व मास्टर लक्ष्मण गौड़। फोटो : हरिभूमि

## जुई बाढ़ड़ा सड़कमार्ग पर यात्रियों से भरी टेंपो पलटी, दो घायल

- जुई-बाढ़ड़ा सड़कमार्ग पर आटो अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

जुई-बाढ़ड़ा सड़कमार्ग पर एक आटो अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर पलट गया,जिससे आटो सवार यात्रियों को चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम का जायजा लिया। सोमवार सायं दैनिक यात्रियों से भरा ऑटो बाढ़ड़ा से जुई की तरफ से जा रहा था। उसी दौरान बाढड़ा से थोड़ा आगे तोता ढ़ाणी के पास ओवरटेक के चलते आटों अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पलट गया। ओवरटेक करते समय ऑटो अनियंत्रित हो गया जिससे हादसा हुआ है। हादसे में दो ऑटो सवार यात्रियों को चाटें आई हैं। घायलों को राहगिरों ने पास के निजि अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



बाढ़ड़ा। ऑटो की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पंचगांव में स्वामी आर्यवेश ने उठाई मांग

# गुरुकुलों को दो सौ करोड़ का अनुदान दे केंद्र सरकार

- गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली व्यक्ति के बुद्धि, मन और आत्मा तीनों स्तरों पर विकास सुनिश्चित करती : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पंचगांव में आयोजित वार्षिकोत्सव के अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती न केवल समाज सुधारक थे बल्कि वे महिला शिक्षा के वास्तविक संवाहक भी थे। उन्होंने उस युग में स्त्री शिक्षा का जो दीप प्रज्ज्वलित किया, वह आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से ऋषि दयानन्द के 200 वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर देश के समस्त गुरुकुलों को दो सो करोड़ रूपये का अनुदान देने की अपील की। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम केवल शिक्षा के प्रसार तक सीमित न रहें, बल्कि यह भी विचार करें कि हम अपने बच्चों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री और नौकरी तक सीमित शिक्षा पर्याप्त नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य समाज में सत्य, ज्ञान, विज्ञान और विवेक का प्रसार करना होना चाहिए।

उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में अंधविश्वास, पाखंड और दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि शिक्षा में चरित्र निर्माण और वैचारिक शुद्धता पर पर्याप्त बल नहीं दिया जा रहा। ऐसे समय में गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली ही एकमात्र ऐसा मार्ग है, जो व्यक्ति के बुद्धि, मन और आत्मा तीनों स्तरों पर विकास सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने बताया कि कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पंचगांव जिस अनुशासन, समर्पण और वैदिक संस्कृति के मार्ग पर कार्य कर रहा है, वह पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। यहां की छात्राएं न केवल आधुनिक शिक्षा में अग्रणी हैं, बल्कि वे संस्कारों, नारी गरिमा और राष्ट्र निर्माण के प्रति भी सजग हैं। स्वामी आर्यवेश जी ने कहा कि महर्षि दयानन्द की द्विशतादी जयंती वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और पुनः संकल्प का अवसर भी है।



बाढड़ा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथ थ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि